# माथा पच्ची

## 1


**मिस्टर ग्रीन, मिस्टर रेड और मिस्टर व्हाइट आपस में बातचीत कर रहे थे।**

मिस्टर ग्रीन बोले, "यह बड़ी ही मज़ेदार बात है कि हम सभी ने एक-दूसरे के नाम के रंगों के कपड़े पहने हैं। और हम में से किसी ने भी अपने नाम के रंग के कपड़े नहीं पहने हैं।"

"बिल्कुल सही।" सफेद रंग के कपड़े पहना हुआ व्यक्ति बोला।

अब तुम्हें बताना यह है कि किसने किस रंग के कपड़े पहने हैं?

## 2



एक परिवार में दो माएँ और चार बेटियाँ हैं। कुल छ सेबों में से सभी ने एक-एक सेब लिया फिर भी एक सेब बचा रहा। कैसे?

## 3

नीचे लिखी संख्याओं के पिरामिड को ध्यान से देखो और बताओ कि प्रश्न चिन्ह वाली जगह पर कौन सी संख्या आएगी और क्यों:

8
2 5 2
1 2 4 2 1
1 2 1 3 1 2 1
1 2 1 1 ? 1 1 2 1

## 4

कल से एक दिन पहले ज़िया सात साल की थी। अगले साल वह दस साल की हो जाएगी। ऐसा कैसे हो सकता है?

## 5

अपने दोस्तों से कहो कि वे अपनी-अपनी उम्र कागज़ पर लिख लें। और उसे 3 से गुणा कर लें। फिर उसमें 12 जोड़ लें और उसे 3 से भाग दे दें। अब नई संख्या में 3 जोड़ लें और जो भी उत्तर आए वो तुम्हें बता दें। उनके उत्तर को जानकर तुम उन्हें उनकी उम्र बता सकते हो। बस, तुम्हें करना यह है कि उत्तर के पहले अंक को काट लो और बचे हुए अंकों में 3 जोड़ लो। तुम्हें अपने दोस्तों की उम्र पता चल जाएगी।




# एक छड़ी चली...



• बी. वी. सुरेश

बहुत पहले बचपन में कभी एक कविता पढ़ी थी। इस कविता के बारे आज सिर्फ इतना याद है कि वह किसी स्कूल की किताब में हुआ करती थी। कविता कन्नड भाषा में थी। कविता भी बस इतनी याद है – बूढ़े की लाठी मेरा घोड़ा है!

यह चित्रकथा सिर्फ उसी कविता की याद पर लिखी है ऐसा नहीं है। इसमें वो समय भी है जब एक तरफ टेलीविज़न घरों में अपनी जगह बना रहा है और दूसरी ओर कट्टरवाद ने भी समाज में पाँव पसारने शुरू किए थे। इन दोनों बातों को मैं कल्पना और जीते-जागते संसार में ले लाया। और यहाँ से मैंने आसपास के बदलते लैंडस्केप, घरों, सांस्कृतिक चिन्हों, आज़ादी, खोजबीन... को देखने और समझने की कोशिश की है।